**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट नं0 01, सैक्टर नॉलेज पार्क–4,
ग्रेटर नोएडा

पत्रांक : ग्रेनो / बिल्डर्स / 2022 / 36 60
दिनांक : 27 जनवरी, 2022 01/27/2023, 12
01/27/2023, 12:25:59

सेवामें,

प्रभारी (नियोजन),
ग्रेटर नोएडा

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि बिल्डर्स भूखण्ड संख्या जीएच–04बी, सैक्टर 12, क्षेत्रफल 30000 वर्गमीटर के आवंटी M/s Grand Realtech Ltd. द्वारा भूखण्ड के नक्शे स्वीकृत हेतु नियोजन विभाग में आवेदन किया है, जिसके लिये उन्होंने इस कार्यालय से भूखण्ड के सापेक्ष अदेयता प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

उपरोक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आवंटी द्वारा अपने पत्र दिनाक 22.11.2021, 19.01.2021 एवं 22.02.2022 के माध्यम से अपने बिल्डर्स भूखण्ड संख्या जीएच–04बी, सेक्टर 12, क्षेत्रफल 30000 वर्गमीटर का हस्तांतरण M/s Fusion Ltd. के पक्ष में करने का अनुरोध किया गया था, जिसके लिये उन्होंने दिनांक 10.11.2021 को हस्तांतरण शुल्क के मद में रू0 1,41,90,000 / – जमा कराये गये थे । अर्हताऐं पूर्ण न होने के कारण उक्त भूखण्ड का हस्तांतरण नहीं हो सका । इसके उपरान्त आवंटी द्वारा अपने पत्र दिनांक 10 / 14.11.2022 के माध्यम से हस्तांतरण शुल्क के मद में जमा कराई गई उपरोक्तानुसार धनराशि को प्रीमियम के मद में समायोजित करते हुऐ भूखण्ड के सापेक्ष अदेयता प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया है ।

उपरोक्त सम्बन्ध में उपरोक्तानुसार हस्तांतरण शुल्क के मद में दिनांक 10.11.2021 को जमा कराई गई धनराशि रू0 1,41,90,000 / – को प्रीमियम मे समायोजन की कार्यवाही प्रचलित में है ।

इस सम्बन्ध में बिल्डर्स आवंटी द्वारा इस कार्यालय में निम्नानुसार शपथ पत्र प्रस्तुत किया है:–

**"यह कि मेरे द्वारा भूखण्ड संख्या जीएच–04बी, सैक्अर 12, क्षेत्रफल 30000 वर्गमीटर के सापेक्ष दिनांक 10.11.2021 को हस्तांतरण शुल्क के मद में रू0 1,41,90,000 / – की धनराशि प्राधिकरण के पक्ष में जमा कराई गई थी, जिसके प्रीमियम में समायोजन की कार्यवाही प्राधिकरण में परिचालित है । मेरे द्वारा भूखण्ड पर नक्शे स्वीकृति कराये जाने की कार्यवाही की जानी है, जो अति आवश्यक है एवं इस हेतु मुझे अदेयता प्रमाण पत्र की आवश्यकता है । अतः मुझे अदेयता प्रमाण पत्र इस शर्त के साथ जारी किया जाये कि समायोजन के उपरान्त भूखण्ड के सापेक्ष यदि कोई देयता निकलती है तो मैं उसे जमा कराये जाने के लिये बाध्य रहूँगा ।"**

चूँकि समायोजन की कार्यवाही प्रचलन मे हैं अतः आवंटी के उपरोक्तानुसार शपथ पत्र के आधार पर भूखण्ड के सापेक्ष सशर्त अदेयता प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है । उक्त अदेयता प्रमाण पत्र की वैद्यता दिनांक 30.03.2023 तक वैद्य है । अतः भूखण्ड के नक्शा स्वीकृति के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही करने का कष्ट करें ।

भवदीया

**Signed by
Aradhana
Manager
27/01/23 09:59:52**
(आराधना)
प्रबन्धक (बिल्डर्स)

builder/BRS01/88870/2018/401 4/20/202